CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 154 ▫ रायपुर, शनिवार 28 जून 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# 13 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

## सरकार की नीति से प्रभावित होकर छोड़ा हिंसा का रास्ता



**बीजापुर,** 28 जून (हाईवे चैनल)। सरकार की महत्वपूर्ण योजना नियद नेल्लानार व पुर्नवास नीति से प्रभावित होकर कंपनी नंबर 02 के पार्टी सदस्य सहित 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. इन 13 लोगों माओवादियों पर 23 लाख का इनाम घोषित था. बता दें कि इस साल अब तक 241 माओवादियों ने सरेंडर किया है.

सभी आत्मसमर्पण 13 माओवादी फायरिंग, आईडी ब्लास्ट, आगजनी जैसे अन्य घटनाओं में शामिल रहे हैं. सीआरपीएफ डीआईजी बीएस नेगी, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूलेण्डन यार्क, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंयक गुर्जर, उप पुलिस अधीक्षक विनीत साहू एवं अन्य अधिकारियों के समक्ष नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को अधिकारियों ने 50-50 हजार रुपए नगद राशि दी. बता दें कि इस साल अब तक कुल 241 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष सरेंडर किया है. कुल 270 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है. इसके अलावा 126 माओवादियों को अलग-अलग मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों ने मार गिराया गया है.

### समुद्र में भारत को घेरने का प्रयास कर रहे चीन को मिला तगड़ा जवाब

# श्रीलंका के सबसे बड़े शिपयार्ड में इंडिया ने खरीदी हिस्सेदारी





**नई दिल्ली,** 28 जून (न्यूज चैनल)। भारत की समुद्री शक्ति में जबरदस्त इजाफे के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने श्रीलंका के सबसे बड़े शिपयार्ड कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी में हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की है। यह सौदा लगभग 53 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग ?440 करोड़) का है और यह भारत के रक्षा शिपबिल्डिंग इतिहास में एक ऐतिहासिक और रणनीतिक उपलब्धि मानी जा रही है।

हम आपको बता दें कि मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, जो भारत में पनडुब्बियों, युद्धपोतों और अन्य नौसैनिक जहाजों के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है, उसका यह पहला अंतरराष्ट्रीय अधिग्रहण है। यह न केवल एमडीएल के वैश्विक स्तर पर विस्तार का संकेत है, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक उपस्थिति को भी सुदृढ़ करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन की इस क्षेत्र में बढ़ती नौसैनिक मौजूदगी भारत के लिए एक गंभीर सुरक्षा चुनौती बनती जा रही है, ऐसे में श्रीलंका के कोलंबो पोर्ट पर स्थित सीडीपीएलसी में हिस्सेदारी हासिल करना भारत के लिए सामरिक दृष्टिकोण से बेहद अहम है। हम आपको बता दें कि चीन ने श्रीलंका में गहरे रणनीतिक निवेश किये हैं। खासतौर पर ढ्ढह्रक्र में चीनी नौसेना की बढ़ती उपस्थिति और क्षेत्र में अतिरिक्त लॉजिस्टिक हब की तलाश भारत के लिए एक प्रमुख सुरक्षा चुनौती बन गई है। हम आपको यह भी बता दें कि कोलंबो बंदरगाह पर स्थित सीडीपीएलसी एमडीएल को हिंद महासागर क्षेत्र में रणनीतिक आधार प्रदान करता है।

हम आपको बता दें कि कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से जहाज निर्माण, मरम्मत और भारी इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कार्यरत है। यह शिपयार्ड जापान, नॉर्वे, फ्रांस, यूएई, भारत और अफ्रीकी देशों के लिए विभिन्न प्रकार के पोतों का निर्माण कर चुका है। इसमें केबल बिछाने वाले जहाज, ऑफशोर सपोर्ट वेसल्स, टैंकर और गश्ती नौकाएं शामिल हैं। वर्तमान में सीडीपीएलसी के पास 300 मिलियन डॉलर से अधिक के ऑर्डर पाइपलाइन में हैं, जिसमें मल्टी-पर्पज यूटिलिटी शिप्स और नए फ्लीट सपोर्ट वेसल्स भी शामिल हैं।

## ब्रेकिंग न्यूज

### 'बिग बॉस' फेम शेफाली जरीवाला का निधन



**नई दिल्ली,** 28 जून (न्यूज चैनल)। टीवी और सिनेमा की दुनिया से एक दिल तोड़ देने वाली खबर आई है। 'बिग बॉस 13' फेम एक्ट्रेस और 'कांटा लगा' म्यूजिक वीडियो वाली शेफाली जरीवाला का निधन हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार, 27 जून को 42 साल की उम्र में कार्डियक अरेस्ट के कारण शेफाली की मौत हो गई है। उन्हें मुंबई में जिस अस्पताल में भर्ती किया गया था वहां के रिसेप्शनस्टि ने इस दुखद खबर की पुष्टि की है। हालांकि, परिवार की ओर से अभी कोई बयान नहीं आया है। शेफाली की मौत की खबर मनोरंजन जगत के लिए झकझोर देने वाली है। सोशल मीडिया पर फैंस और उनके चाहने वाले उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। साल 2002 में शेफाली जरीवाला सबसे पहले तब चर्चा में आई थीं, जब उनका म्यूजिक वीडियो 'डीजे डॉल- कांटा लगा रीमिक्स' रिलीज हुआ था।

### बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़ एवं आगजनी का आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार,** 28 जून (हाईवे चैनल)। विगत 26.06.2025 को बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना में शामिल मुख्य आरोपी किशोर नवरंगे द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर न्यायालय परिसर बलौदाबाजार में शासकीय कर्मचारी को धमकी देते हुए, शासकीय कार्य में गंभीर बाधा उत्पन्न किया गया, जिस पर थाना सिटी कोतवाली में विभिन्न धाराओं में आरोपी एवं उसके साथियों के विरुद्ध अपराध पंजीबध्द कर आज दिनांक 27.06.2025 को आरोपी किशोर नवरंगे उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम गिंदोला थाना लवन को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### हाईवे पर हादसा : एक परिवार के चार लोगों की मौत

नई दिल्ली, 28 जून (न्यूज चैनल)। रोहतक के खेड़ी साध निवासी एक परिवार के चार लोगों की मेंहदीपुर बालाजी से लौटते समय हादसे में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद गांव से पांच गाड़ियों में भरकर परिवार के लोग राजस्थान के लिए रवाना हो गए। आईएमटी थाना पुलिस ने बताया कि खेड़ी साध गांव निवासी प्रमिला (46) अपने बेटे दिपांशु (21) बेटी साक्षी (17) और पड़ोसी राजबाला (60) के साथ एक कार में सवार होकर राजस्थान के मेंहदीपुर बाला दर्शन करने के लिए गए थे।

## जमीन दिखाने के बहाने बुलाकर किया युवक का अपहरण, 5 करोड़ की मांगी फिरौती, मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर आरोपी तक पहुंची पुलिस, 1 गिरफ्तार



**अंबिकापुर,** 28 जून (हाईवे चैनल)। शहर के लक्ष्मीपुर से 25 जून को एक युवक को कुछ लोगों ने जमीन दिखाने के बहाने बुलाकर किडनैप कर लिया था. आरोपियों ने कट्टा दिखकर उसके हाथ पैर बांध दिए और 5 करोड़ रुपए की फिरौती की मांग करने लगे. गांधीनगर पुलिस ने अपहरण किए गए युवक को सुरक्षित छुड़ाया और एक आरोपी बहादुर जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है.

जानकारी के मुताबिक, गांधीनगर थाना क्षेत्र में युवक शंकर रवि को आरोपी ने जमीन दिलाने के बहाने बुलाया. इस दौरान कट्टा दिखाते हुए आरोपी ने शंकर रवि का हाथ-पैर बांधकर अपहरण कर के कार में कुछ दूर लेकर गया, जहां अन्य 4-5 आरोपी भी साथ आ गए. उन्होंने शंकर रवि से पहले 5 करोड़ रुपए की मांग की, फिर तत्काल 10 लाख रुपए, 50-50 लाख रुपए के 10 चेक और कोरे स्टाम्प पेपर में साइन करवाने की बात कही. मामले की जांच कर रही पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन को ट्रेस किया और आरोपियों तक पहुंची.

# 30 जून को स्थायी डीजीपी, चीफ सेक्रेटरी की नियुक्ति सहित हो सकते हैं कई बड़े फैसले

**रायपुर,** 28 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ सरकार की मंत्रिपरिषद (साय कैबिनेट) की बैठक 30 जून 2025 को नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राज्य के स्थाई डीजीपी (निदेशक महानिरीक्षक पुलिस) और चीफ सेक्रेटरी की नियुक्ति जैसे अहम मुद्दों पर निर्णय लिया जा सकता है।

बैठक का एक प्रमुख एजेंडा मौजूदा चीफ सेक्रेटरी अमिताभ जैन की विदाई होगी, जो 30 जून को रिटायर हो रहे हैं। चार साल से अधिक समय तक इस पद पर रहने वाले जैन को सम्मान के साथ विदाई दी जाएगी। साथ ही, नए चीफ सेक्रेटरी की नियुक्ति को लेकर चर्चा और औपचारिक परिचय की संभावना है। इसके लिए 91 बैच की रेणु पिल्ले, सुब्रत साहू, 94 बैच के मनोज पिंगुवा और रिचा शर्मा जैसे नामों पर विचार हो रहा है।

स्थाई डीजीपी की नियुक्ति भी इस बैठक में उठाया जा सकता है। वर्तमान में कार्यवाहक डीजीपी की व्यवस्था है, और इस पद के लिए एक विशेष समिति के गठन की योजना बनाई जा रही है, जिसमें मुख्य सचिव, गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और एक सेवानिवृत्त डीजीपी शामिल हो सकते हैं। यह कदम राज्य की कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में होगा। बैठक में मानसून सत्र की तैयारियों, किसानों से संबंधित नीतियों और प्रशासनिक सुधारों पर भी चर्चा होने की संभावना है। साथ ही, कुछ तबादला आदेश और अन्य प्रशासनिक फैसले भी लिए जा सकते हैं।

## छात्रा से दुष्कर्म मामले में लॉ कॉलेज का गार्ड गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 28 जून (न्यूज चैनल)। कोलकाता कथित सामूहिक दुष्कर्म मामले में कोलकाता पुलिस ने बताया है कि लॉ कॉलेज के गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को भी मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के लिए पुलिस की ओर से हिरासत में लिए गए गार्ड को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा, %सुरक्षा गार्ड को आज सुबह गिरफ्तार किया गया। वह गोलमोल जवाब दे रहा था। कॉलेज में उसकी मौजूदगी कॉलेज में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी।अधिकारी ने बताया कि गार्ड अपनी ड्यूटी में नाकाम रहा। वह जवाब नहीं दे पाया कि उसने क्यों उचित कार्रवाई नहीं की और तीनों आरोपियों को अपराध करने से क्यों नहीं रोका। वह क्यों और किसके कहने पर अपने कमरे से बाहर निकला। वह इसका जवाब भी नहीं दे रहा है। यह भी अपराध में एक तरह की संलिप्तता ही है।

## 'मैं दोषी नहीं हूं' मुझे साजिश के तहत फंसाया गया है

### हो सकते हैं बड़े खुलासे

### फांसी लगाने से पहले लिखे पटवारी के सुसाइड नोट ने मचाई सनसनी

**बिलासपुर,** 28 जून (हाईवे चैनल) भारतमाला परियोजना के तहत हुए भूमि अधिग्रहण फर्जीवाड़े में निलंबित पटवारी सुरेश मिश्रा ने शुक्रवार को आत्महत्या कर ली। इस मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू है मृतक के पास से मिला सुसाइड नोट है, जिसमें उन्होंने लिखा है- 'मैं दोषी नहीं हूं।' इसके साथ ही सुरेश ने सुसाइड नोट में षडयंत्र के साथ फंसाने का आरोप लगाया है। यह वाक्य न केवल सुरेश मिश्रा की मानसिक स्थिति को दर्शाता है, बल्कि इस बहुचर्चित घोटाले में संभावित साजिश की ओर भी इशारा करता है। बता दें कि शुक्रवार दोपहर सकरी थाना क्षेत्र के जोकी गांव में पटवारी सुरेश मिश्रा ने अपनी बहन सरस्वती दुबे के फार्महाउस में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो कमरा भीतर से बंद था और शव पंखे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट बरामद किया, जिसमें लिखा था- मैं दोषी नहीं हूं। मुझे एक साजिश के तहत फंसाया गया है।

## सरगुजा में शाह और नड्डा : मैनपाट में प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर भाजपा की तैयारियां शुरू

**रायपुर,** 28 जून (हाईवे चैनल) उत्तर छत्तीसगढ़ सरगुजा तीन दिनों तक राजनीतिक पाठशाला का केंद्र बिंदु रहेगा. सरगुजा के मैनपाठ में भाजपा के नेता संगठन और सत्ता के बीच राजनीति का पाठ पढ़ेंगे. इस राजनीति पाठशाला बतौर मास्टर जेपी नड्डा और अमित शाह दिल्ली से आएंगे.

### सत्ता और संगठन के तीन दिन अहम

पाठशाला कहाँ और किस तरह से लगाई जाएगी इसकी तैयारियां पार्टी के नेताओं से शुरू कर दी है. प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के साथ प्रदेश पदाधिकारियों ने मैनपाट में प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया. दरअसल भाजपा का प्रदेश प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 से 9 जुलाई तक सरगुजा के मैनपाट में आयोजित है. इस शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे. वहीं शिविर का समापन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे. तीन दिनों तक आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सत्ता और संगठन के लिए काफी अहम माना जा रहा है.

## अवैध गुटखा फैक्ट्री सील, जिला पंचायत सभापति के क्षेत्र में चल रहा था कारोबार



**राजनांदगाँव,** 28 जून (हाईवे चैनल)। जिले के चिखली थाना क्षेत्र के ग्राम बोर्रडीह मे एक बंद फैक्ट्री मे अवैध रूप से नकली सितार जर्दा गुटखा बनाने वाले फैक्ट्री मे जीएसटी और खाद्य विभाग की एक साथ छापामार कार्यवाही की जिसमे लगभग 10 जर्दा गुटखा बनाने वाले मशीन सहित 24 लाख रूपये के सितार जर्दा गुटखा पाउच जप्त कर फैक्ट्री को सील किया गया।

राजनांदगांव द्वारा लगातार प्रतिबंधित खाद्य सामग्री पर लगातार निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में प्राप्त सूचना के आधार पर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बोइरडीह में संचालित अवैध सितार निर्माण फैक्ट्री में जीएसटी विभाग की उपस्थिति में दबिश दी गई। जांच के दौरान बड़ी मात्रा में केसर युक्त सितार पैकेट, सुगंधित सुपारी, पाउच पैकेट, पैकिंग मशीन सहित अन्य सामग्री फर्म में पाया गया। फर्म में उपस्थित सुपरवाइजर से फैक्ट्री संचालन से संबंधित दस्तावेज एवं एफएसएसएआई लायसेंस की मांग की गई। जिस पर वह दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। संदेहास्पद अवस्था में सामग्री के निर्माण एवं भंडारण पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सुगंधित सुपरी व केसर युक्त सितार पैकेट के नमूने लैब जांच हेतु जप्त किए गए है, साथ ही पैकिंग मशीन, पैकिंग मटेरियल, सुगंधित सुपारी, पैकेट सितार सहित कुल 23 लाख 47 हजार 300 रूपए की सामग्री को फर्म में उपस्थित सुपरवाइजर संतोष साहू की अभिरक्षा में सीज किया गया तथा मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की उपस्थिति में निर्माण स्थल को सील कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच के दौरान सितार निर्माण में दुर्ग निवासी गुरमुख जुमनानी का नाम सामने आया है। आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है।

# घर में आग लगाकर जान से मारने की थी योजना, पड़ोसियों ने समय रहते बचाई जान



### खतरनाक साजिश


**दुर्ग,** 28 जून (हाईवे चैनल)। नंदिनी टाउनशिप में देर रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई. बदमाशों ने घर के दरवाजे को बाहर से ताला लगाकर आग लगाकर लोगों को मारने की कोशिश की. गनीमत रही कि समय रहते पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, और घर में रहने वाले लोग बाल-बाल बच गए.

नंदनी टाउन शिप में रहने वाले रामेश्वर कुमार विश्वकर्मा ने थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई है. रामेश्वर ने बताया कि जब कूलर से धुंआ अंदर आने लगा, तब उन्हें घर में आग लगने का अहसास हुआ. इस पर उन्होंने दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन बाहर से बदमाशों ने ताला लगा दिया था.स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए उन्होंने पड़ोसियों को फोन पर सूचना दी, जिसके बाद पड़ोसियों ने तत्काल दरवाजा तोड़ा और पानी डालकर आग बुझाया. आगजनी में घर के अंदर खड़ी एक स्विफ्ट कार और एक स्कूटी पूरी तरह जलकर खाक हो गई. इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें मोहल्ले के लोग आग बुझाने की कोशिश करते हुए नजर आ रहे हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने धारा 326 के तहत केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है. एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## भू-माफिया से तंग किसान को प्रशासन ने किया नाउम्मीद, मांगी कलेक्टर से इच्छा मृत्यु

**कवर्धा,** 28 जून (हाईवे चैनल) इंसाफ की आस में एक किसान इस कदर टूट गया कि उसने कलेक्टर से इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी. मामला कबीरधाम जिले में पंडरिया का है, जहां एक किसान वर्षों से अपनी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे से परेशान है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई.

कबीरधाम जिले के पंडरिया निवासी किसान मनीष पांडे पिता मदन लाल पांडे बीते कई वर्षों से अपनी कृषि भूमि पर भू-माफिया द्वारा किए गए अवैध कब्जे से मुक्ति पाने के लिए राजस्व विभाग के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं. मनीष पांडे और उनके बड़े भाई आशीष पांडे ने बताया कि उन्होंने कई बार पटवारी, आरआई और राजस्व अधिकारियों को आवेदन दिया, सीमांकन की मांग की, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन और तारीखें ही मिलीं. उन्होंने बताया कि 23 जून 2025 को कलेक्टर कार्यालय से भू-अभिलेख शाखा ने सीमांकन कर प्रकरण का त्वरित निराकरण करने का आदेश भी जारी किया था. आदेश के बाद दो पटवारी और दो आरआई सीमांकन के लिए मौके पर पहुंचे, लेकिन वहां खसरा नंबर में त्रुटि बताकर जांच अधूरी छोड़ वापस लौट गए. इन तमाम वाकयों के बाद निराश किसान मनीष पांडे ने सीधे कलेक्टर कवर्धा के समक्ष पेश होकर इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी. हालांकि, कलेक्टर ने उन्हें समझाइश दी और भू-माफिया के खिलाफ जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया. लेकिन अब देखना होगा कि क्या जिला प्रशासन और पुलिस ऐसे भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिला पाएंगे?




चूहा- सुनती हो, बिहार चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में घमासान चल रहा है।

चुहिया- हां जी, सभी दलों को सत्ता चाहिए न..!